# अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 18 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष कृष्ण-त्रयोदशी/चतुर्दशी
विक्रम संवत-2082


**PAGE NO :06 TOP**

## विद्यार्थियों ने ली महर्षि चरक की शपथ



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शपथ लेते विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज

बरेली (वि)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सोमवार को एमबीबीएस 2025 बैच के 200 नए विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी में महर्षि चरक की शपथ दिलाई गई। प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला ने कहा कि यह सफेद कोट इस मानवतापूर्ण पेशे का प्रतीक है, जिसका सम्मान करना अत्यंत आवश्यक है। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने छात्र-छात्राओं को समय पालन की नसीहत दी। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने विद्यार्थियों को टीम में काम करने और मरीज के सामने अपनी प्राथमिकताओं को पीछे रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर टैलेंट हंट प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।